सफलता की कहानी

प्रोपराइटर/उद्यमी का नाम : **Mr. Nirbhay Singh**

योजना का नाम : **ODOP Margin Money**

पता : **Gram – Poore Niranjan, Sansarpur , Amethi.**

मोबाइल नं0 : **9795229730**

इकाई का नाम : **Singh Moonj Utpad**

कार्यस्थल का पता : **Gram – Poore Niranjan, Sansarpur , Amethi**

परियोजना का नाम : **Moonj Badh.**

बैंक का नाम : **Bank of Baroda , Gramin Bank, Adarsh Nagar , Amethi.**

परियोजना लागत : **Rs 1 Lakh**

सफलता की कहानी (संक्षिप्त में) :

मैं निर्भय सिंह ग्राम पुरे निरंजन संसारपुर अमेठी का निवासी हूं । मेरी उम्र 29 साल है। मूंज बाध का कारोबार करने से पहले मै दिल्ली में कुरियर डिलीवरी बॉय काम करता था। परन्तु घर की जिम्मेदारियों को वजह से मुझे गांव वापस आना पड़ा । एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम की जानकारी मुझे समाचार पत्र के जरिए मिली । साथ ही सरकार द्वारा जनपद में चलाए जा रहे मूंज बाध उद्योग प्रोत्साहन योजना एवं प्रशिक्षण के बारे में ग्राम पंचायत एवं ग्राम प्रधान से सूचना मिली । जिसके बाद सरकार द्वारा जनपद में चलाए जा रहे प्रशिक्षण केंद्र से मैंने मूंज बाध बनाने का प्रशिक्षण लिया । अपना खुद का कारोबार शुरू करने के लिए मैंने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से एक जनपद . एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत ₹100000 के ऋण के लिए आवेदन दिया । जिसके बाद मुझे अक्टूबर 2019 में बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया गया । मैं निषाद समुदाय के कुछ लोगों के साथ में मिलकर मूंज बाध का छोटा सा व्यापार चला रहा हूं । निषाद समुदाय के मेरे मित्र बाजार से कच्चा सामान खरीदते हैं और मूंज से बने सामान का उत्पादन करते हैं जिसे मैं मार्केट में बेचने में उनका सहयोग करता हूं साथ ही साथ अपना व्यवसाय चला रहा हूं । घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मैंने अपना खुद का कारोबार शुरू करने का फैसला किया और आज मैं एक सफल उद्योगकर्मी हूं । सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना से मुझे बहुत ही ज्यादा प्रोत्साहन मिला है और आज मैं खुद आत्मनिर्भर हूं । मेरे और मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति आज बेहतर है मैं इसके लिए सरकार को एवं बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को धन्यवाद कहना चाहूंगा ।